दिल्ली दुग्ध योजना के संयंत्रों की उत्पादन क्षमता

574. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली दुग्ध योजना के अधीन विभिन्न संयंत्रों की वर्तमान उत्पादन क्षमता क्या है ;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान उत्पादित विभिन्न उत्पादों की मात्रा क्या है ; और

(ग) इन संयंत्रों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने के लिए गत तीन वर्षों के दौरान क्या प्रयास किये गये हैं ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन): (क) दिल्ली दुग्ध योजना की वर्तमान उत्पादन क्षमता 5.88 लाख लीटर दूध प्रति दिन है।

मद	यूनिट	1988–89	1989–90	1990–91
दूध	लाख लीटर	1446.79	1623.88	1873.19
घी	मीटरी टन	533	896	328
टेबल बटर	मीटरी टन	56	82	33
सुगंधित दही (कप)	संख्या लाख में	3.82	6.59	10.41
सुगंधित दूध	संख्या लाख में	3.91	3.06	3.65

(ग) दिल्ली दुग्ध योजना की क्षमता, अप्रैल, 1990 से 3.75 लाख लीटर प्रति दिन से बढ़ाकर 5.000 लाख लीटर प्रति दिन कर दी गई है।

Shrimp and fish culture project in Andhra Pradesh

575. SHRI P. UPENDRA : Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether the World Bank has agreed to finance the shrmp and fish culture project in Andhra Pradesh ;

(b) if so, by when the project is likely to be completed ; and

(c) whether the World Bank has agreed to finance similar projects in other States?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI MULLAPPALLY RAMACHANDRAN) : (a) Yes, Sir.

(b) The project which is proposed to be taken up for implementation from May ,1992 is likely to be completed after seven years *i.e.* by 1999.

(c) Yes, Sir. This project will be taken up for implementation in Bihar, Orissa, Uttar Pradesh and West Bengal as well.

कृषि अनुसंधान और शिक्षा पर व्यय

576. **श्री राम नरेश यादव** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में, अन्य विकासशील देशों की तुलना में कृषि अनुसंधान और शिक्षा पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद का कितना प्रतिशत खर्च किया जा रहा है ;

(ख) क्या यह सच है कि गत पांच वर्षों के दौरान उसमें लगातार गिरावट आ रही है; उसके क्या कारण हैं ? और

(ग) यदि हां, तो सरकार बढ़ती हुई जनसंख्या की आवश्यकता की चुनौती को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?